हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24 .5 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

12 सरसौद में बालिका सरपंच व पंच उम्मीदवारों ...



12 लुवास की डॉ. रचना अंतरराष्ट्रीय विस्तार...



## खबर संक्षेप

### खेत के कमरे से बैटरियां इन्वर्टर व सिलेंडर चोरी

**नारनौंद।** उपमंडल के गांव कागसर में एक खेत के कमरे से चोरों ने बैटरियां, इन्वर्टर और गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। किसान की शिकायत पर नारनौंद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कागसर निवासी इन्द्रसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 नवंबर की शाम करीब 5 बजे जब वह अपने खेत पर पहुंचे, तो उन्होंने कमरे का टूटा हुआ शटर देखा। जांच करने पर पता चला कि कमरे से दो बड़ी बैटरियां, एक इन्वर्टर और एक बड़ा गैस सिलेंडर गायब था।

### आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई करने की मांग

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव पाली निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र ने सड़क हादसे में घायल होने के लगभग एक महीने बाद ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू करवाई है। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि यह घटना 26 अक्टूबर की रात को हुई थी, जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर गांव लोहारी राघो से घर लौट रहे थे। गांव राजपुरा के आगे शिव महिमा होटल के सामने सड़क पर एक खराब ट्रक खड़ा था। जितेंद्र ने बताया कि जब वह ट्रक को पार कर रहे थे, तभी सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी उनकी आंखों पर पड़ी। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और मोटरसाइकिल ट्रक के पिछले बाईं ओर से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर गए।

### सट्टा खाईवाल करता एक काबू, 13200 रुपये जब्त

**हांसी।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए 13200 रुपए के साथ रुप नगर कालोनी निवासी कुश उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे रोड़ हांसी नजदीक नहर पुल पर एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौका पर पहुंच कुश उर्फ काकू निवासी रूप नगर को 13 हजार 200 रुपए सहित गिरफ्तार किया।

### बिजली घर से सामान चोरी का आरोपी काबू

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने बिजली घर से बिजली का सामान चोरी मामले में चौथे आरोपी वेस्ट बंगाल के बेलवारी निवासी जमशेद अंसारी को गिरफ्तार किया है। पीएसआई मोहित कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कुछ दिनों पहले बिजली घर हांसी में से बिजली का सम्मान चोरी कर लिया था। आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद करके उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 2 घायल

**नारनौंद।** गांव ढाणी कुम्हारान निवासी 47 वर्षीय जयसिंह अपने ही गांव के रहने वाले ओमप्रकाश के साथ 24 नवंबर शाम माजरा प्याऊ के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। तेज रफ्तार से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार कर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### ध्यान एवं आत्म प्रगति पर एक दिवसीय शिविर

**हिसार।** गुरु दक्ष सरकारी पॉलिटेक्निक में एनएसएस स्वयंसेवकों तथा कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'ध्यान एवं आत्म प्रगति' विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नई दिल्ली से पहुंची बीके मीनाक्षी एवं बीके हिसार टीम ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा बलों में तनाव मुक्ति के महत्व एवं विद्यार्थियों के जीवन में ध्यान की आवश्यकता पर आधारित एक प्रेरक वीडियो के प्रदर्शन से हुई। ब्रह्माकुमारीज की टीम द्वारा एक उत्कृष्ट कार्यशाला की गई।

## श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित सवालों के छोटे बच्चों ने दिए सटीक जवाब

# गीता में दुनिया की हर समस्या का समाधान निहित : विनोद भयाना

■ विधायक ने बच्चों को पवित्र गीता पुस्तक देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हांसी विधायक विनोद भयाना ने कहा है कि श्रीमद् भागवत गीता सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन प्रबंधन शास्त्र है। इसमें दुनिया की हर समस्या का समाधान निहित है। यदि हम गीता के सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं तो हर व्यक्ति अपने जीवन को संतुलित, शांत और सफल बना सकता है।

विनोद भयाना राजगढ़ रोड स्थित कबीर छात्रावास में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन देवी सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने उपरांत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर परमपिता परमात्मा से संपूर्ण मानवता के कल्याण, सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इससे पहले विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गई प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक ने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जनता को योजनाओं से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने प्रजापिता ब्रहमकुमार ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित माइंड स्पा सत्र, मोबाइल फोन की व्याधि तथा पराली प्रबंधन विषय पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की। समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने गीता के ज्ञान से सराबोर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय एवं गरिमामय बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत श्लोक, नृत्य और भक्ति गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान जब श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित सवाल पूछे गए तो छोटे-छोटे बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सटीक और प्रेरणादायक उत्तर दिए। बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा को देखकर विधायक विनोद भयाना ने उन्हें मंच पर सम्मानित किया।






हिसार। गीता जयंती महोत्सव के दौरान हवन यज्ञ में आहुति डालते विधायक विनोद भयाना व कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर गीता के संदेश, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रदर्शनी स्टॉलों का लाभ ले रहे हैं। महोत्सव का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और संस्कृति का प्रसार करना है, जिसे सफल बनाने में विभिन्न विभागों और स्थानीय प्रशासन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

### आयुष विभाग दे रहा प्राकृतिक जानकारी

**हिसार।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इन प्रदर्शनियों में आयुष विभाग की स्टॉल दर्शकों के लिए विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्टॉल पर तैनात डॉ. सुनीता बेरवाल एवं डॉ. छाया लांबा लोगों को विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श दे रही हैं। विशेष बात यह है कि दोनों डॉक्टरों द्वारा रोगों के समाधान के लिए निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। डॉ. सुनीता बेरवाल एवं डॉ. छाया लांबा ने बताया कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में से एक है, जो न केवल रोगों का उपचार करती है बल्कि शरीर को स्वस्थ और संतुलित रखने में भी अत्यंत सहायक है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक पद्धति के माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज भी प्रभावी रूप से किया जा सकता है, क्योंकि यह बीमारी की जड़ पर कार्य करती है और शरीर की प्राकृतिक उपचार शक्ति को बढ़ाती है।

## सर्वेश हेल्थ सिटी ने किया रोगी सम्मान समारोह का आयोजन



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. उमेश कालरा, मुख्य अतिथि एकता भ्याण व व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** सर्वेश हेल्थ सिटी ने रविवार को अपने वार्षिक रोगी सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें रीढ़ एवं तंत्रिका तंत्र से संबंधित जटिल सर्जरी से स्वस्थ हुए लगभग 250 मरीजों और उनके परिवारों का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित न्यूरोसर्जन डॉ. उमेश कालरा ने मरीजों को संबोधित किया और उनकी स्वास्थ्य यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि रीढ़ की सर्जरी केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि साहस, धैर्य और दृढ़ता की एक लंबी यात्रा है। मरीजों को दर्द और अनिश्चितता से बाहर निकलकर फिर से सामान्य जीवन जीते हुए देखना, एक डॉक्टर के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय मरीजों की प्रतिबद्धता, उनके परिवारों के निरंतर सहयोग और अस्पताल की पूरी मेडिकल टीम के संयुक्त प्रयासों को दिया। डॉ. कालरा ने कहा कि हम सर्जरी करते हैं, पर स्वस्थ आप खुद होते हैं। आपकी मेहनत, आपकी फिजियोथेरपी के घंटे और आपका आत्मविश्वास ही आपकी वास्तविक ताकत है। उन्होंने बताया के जितना जरूरी सर्जरी है उतना ही जरूरी फिजियोथैरिपी तथा आहार है। डॉ. कालरा ने बताया कि लगभग 95 प्रतिशत कमर की बीमारियां केवल दवाई तथा फिजियोथेरेपी से ही ठीक हो सकती हैं तथा केवल 5 प्रतिशत मरीजों को ही सर्जरी की जरूरत पड़ती है। कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए और सर्वेश हेल्थ सिटी की उन्नत सुविधाओं, अत्याधुनिक तकनीक और संवेदनशील चिकित्सा सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ कालरा अब तक दस हजार से अधिक सफल स्पाइन सर्जरी जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट, टीबी, ट्यूमर तथा डिजिनरेटिव स्पाइन के ऑपरेशन कर चुके हैं।

■ समारोह में 250 मरीजों और उनके परिवारों का किया सम्मान

### नगरपालिका सफाई कर्मचारी बैठे हड़ताल पर


**नारनौंद।** नगरपालिका नारनौंद में सफाई कर्मचारियों ने 30 एचकेआरएम कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और परिसर में ही धरना दे दिया। धरने की अध्यक्षता धर्मवीर ने की जबकि मंच संचालन नरेश कुमार ने किया। एचकेआरएम के तहत 30 सफाई कर्मचारियों को नारनौंद नगर पालिका में लगाया गया था। इन कर्मचारियों ने पूरे कार्यकाल में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई लेकिन अब इनको हटाया जा रहा है। इकाई प्रधान मंषा राम और नरेश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से सफाई कार्य किया है।

## हनुमान मंदिर नागोरी गेट में गीता ज्ञान सत्संग जारी

# भगवान की शरणागति से मिटते सभी दु:ख, चिंता व उलझनें : संत गोपीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गीता जयंती के अवसर पर सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में श्रीधाम वृंदावन से आये संत गोपीराम महाराज के सानिध्य में चल रहे त्रिदिवसीय गीता ज्ञान सत्संग के दूसरे दिन प्रवचन देते हुए संत गोपीराम महाराज ने कहा कि युद्ध के मैदान में जब अर्जुन को यह मोह हो गया कि युद्ध में मरने वाले हमारे परिवार के लोग ही हैं, इनको मारकर मैं सुख का अनुभव नहीं कर रहा हूं इसलिये हे केशव मैं युद्ध नहीं करुंगा। ऐसा कहकर अर्जुन ने अपने अस्त्र-शस्त्र रख दिये, तब भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का अमृतमय उपदेश देते हुए कहा कि हे अर्जुन जिन लोगों के मरने का तुम्हें डर है, वे लोग तो मरेंगे ही क्योंकि संसार मृत्यु लोक है, शरीर निरंतर मरता है और उसे जानने वाला शरीर उसका कभी नाश नहीं होता। भगवान ने अर्जुन के द्वारा प्रश्न करने पर ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का वर्णन करते हुए अपनी प्राप्ति में भक्तियोग को विशेष बताया और उसमें भी शरणागति को सर्वश्रेष्ठ बताया। शरणागति क्या है, अपना तन, मन, अपने विचार, अपनी क्रियाएं, अपना सर्वस्व भगवान को समर्पित कर देना। इसके बाद निर्भय, नि:शोक, निश्चिंत एवं निशंक हो जाना। बस यही ध्यान रहे कि मैं भगवान का हूं और केवल भगवान मेरे अपने हैं। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता व संयोजक बृजमोहन डालमिया ने बताया कि सत्संग शुरु होने से पहले मंदिर प्रांगण पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से संत गोपीराम महाराज का स्वागत किया गया। एक दिसंबर को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 6 बजे तक गीताजी का संगीतमय मूल पाठ एवं भजन कीर्तन होगा।



हिसार। हनुमान मंदिर में प्रवचन देते संत गोपीराम महाराज।

## सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर हुई आरोपियों की पहचान

# डॉक्टर के सरकारी आवास से चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद में एक सरकारी क्वार्टर से सामान चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह क्वार्टर नागरिक अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. बिट्टू का है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नारनौंद निवासी सोनू, मनीष, अजय और राकेश के रूप में हुई है।

चोरी की घटना 1 अगस्त से 30 सितंबर के बीच हुई थी, जब डॉ. बिट्टू छुट्टी पर थे। एक अक्टूबर को लौटने पर उन्होंने अपने क्वार्टर नंबर-3 के दरवाजे टूटे पाए। अंदर से 43 इंच सोनी एलईडी टीवी, वोल्टाज विंडो एसी, गीजर, छत के पंखे, जूसर-मिक्सर, गैस सिलेंडर, रसोई का सामान, कपड़े, जूते, प्लास्टिक कुर्सियां, आल्टो कार के रिम और एमएलआर रजिस्टर सहित अन्य घरेलू सामान गायब था। डॉक्टर के अनुसार, उन्हें इस चोरी से लगभग दो से ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। डॉ. बिट्टू की शिकायत पर नारनौंद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की।



नारनौंद। चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह



हिसार। सेवानिवृति पर इंस्पेक्टर जगदीश व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

**हिसार।** हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र बौद्ध की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सिरसा रोड स्थित गुरु रविदास भवन (छात्रावास) में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों तथा पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने अपने पूरे सेवाकाल में पुलिस सेवा को एक मिशन के रूप में निभाया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदार कार्यशैली और जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण उन्हें एक विशिष्ट अधिकारी बनाता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

# वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्ति पाने वाले अध्यापकों को टेट की अनिवार्यता में मिले छूट : भारती

■ अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद जयप्रकाश को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के शिष्टमंडल ने रविवार को जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में हिसार के सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान सीएन भारती, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह व राज्य आडिटर पवन कुमार भी विशेष रूप से शामिल रहे। टेट को लेकर जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि 2010 से पहले नियुक्त अध्यापक, शिक्षक भर्ती के सभी मानदंड पूरे करके ही भर्ती किए गए थे। अब ऐसे अध्यापकों को टेट की परीक्षा पास करने के लिए आदेशित किया जाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस आदेश से अध्यापक वर्ग में आक्रोश व भय का माहौल बना हुआ है। टेट व एचटेट पास किए बिना नियुक्त अध्यापक भी टेट, एचटेट पास अध्यापकों की ही तरह ही ईमानदारी व निष्ठा से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उनका शिक्षण कार्य करने का लम्बा अनुभव भी है।



हिसार। सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ पदाधिकारी।

## हांसी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** हांसी प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के हांसी आगमन पर विधायक विनोद भ्याणा के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। हांसी प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कुमार और सतीश वर्मा ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्कूल निदेशक रोशन सुलतानपुर ने मांग की कि छुट्टियों के दौरान बोर्ड कक्षाओं को लगाने के लिए और विरेन्द्र मान ने जयंती के उपलक्ष में जयन्तियों को विद्यालय में मनाने की अनुमति देने की मांग की। उप-प्रधान मनोज आहुजा ने मांग की कि 2003 से चल रहे सभी प्राइवेट स्कूलों की अस्थाई मान्यता को स्थाई मान्यता प्रदान की जाए, प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि प्रदेश भर के विद्यालयों का आरटीई की सीटें दिखाने के बावजूद भी एमआईएस पोर्टल बंद है और हरियाणा मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यालयों पर भारी जुर्माना लगाया गया है।



हांसी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य।

# कागसर में महिलाओं को कमरे में बंद कर लाखों की चोरी

**नारनौंद।** उपमंडल के गांव कागसर में देर रात लाखों रुपए की चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के महिलाओं वाले कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी और साथ वाले कमरे की अलमारी तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए।

■ परिवार सोता रहा, चोर अलमारी तोड़कर गहने और दो लाख नकद ले गए

पीड़ित नूरदीन ने बताया कि वह चिनाई का काम करता है। गत 27 नवंबर की रात रोज की तरह पूरा परिवार खाना खाकर लगभग 11 बजे सो गया था। सुबह जब उसकी नींद खुली तो वह पत्नी नसीबन को उठाने गया। उसने देखा कि जिस कमरे में पत्नी, बेटी और पुत्रवधु हसीना सो रही थीं, उस कमरे की कुंडी बाहर से लगी हुई थी। यह देखकर उसे शक हुआ और वह तुरंत साथ वाले कमरे में गया। वहां अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था। नूरदीन ने कमरे की कुंडी खोलकर अपनी पत्नी और अन्य महिलाओं को बाहर निकाला और तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस थोड़ी देर में मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया।

नूरदीन ने बताया कि उसकी अलमारी से सोने और चांदी के बड़ी मात्रा में आभूषण चोरी कर लिए गए। इसके अलावा अलमारी में रखे हुए दो लाख रुपये नकद भी गायब थे।। सूचना पर हेड कांस्टेबल विजय कुमार मौके पर पहुंचे। नूरदीन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात की गहन जांच की जा रही हैं।

**शिक्षा पर संवाद** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने ढाणा कलां में ग्रामीणों को किया संबोधित

# नई शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य

■ हर स्तर पर शिक्षा को भविष्य के अनुरूप मजबूत किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा सुधारों को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है और आने वाले समय में हर स्तर पर शिक्षा को भविष्य के अनुरूप मजबूत किया जाएगा।

महिपाल ढांडा ढाणा कलां गांव में डॉ. योगी अनूप नाथ के आवास पर आयोजित शिक्षा पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डॉ. योगी अनूप नाथ ने शिक्षक वर्ग की समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रिंसिपलों को प्रथम श्रेणी का दर्जा देने, लेक्चररर्स को कॉलेज कैडर में पदोन्नति, दिव्यांग शिक्षकों के लिए विशेष सुविधाएं, पदोन्नति के नियमित अवसर और एसीपी की पूर्ववत सुविधाओं की बहाली की मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षक वर्ग की समस्याओं का समाधान अत्यावश्यक है। मंत्री ढांडा ने कहा कि सरकार वैधानिक परीक्षण के बाद सभी मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने डॉ. योगी अनूप नाथ को कोहिनूर का हीरा बताते हुए उनकी सामाजिक, आध्यात्मिक और शैक्षणिक सेवाओं की प्रशंसा की।



हांसी। ग्रामीणों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा किसी भी समाज की नींव : ढांडा


कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भ्याना ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है और ऐसे संवाद कार्यक्रम नीति निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक रणधीर पणिहार, भाजपा प्रांत महामंत्री सुरेंद्र पुनिया और जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने भी कार्यक्रम को शिक्षा सुधारों की दिशा में सार्थक कदम बताया। कार्यक्रम सह संयोजक विजेंदर सिंह प्रजापति ने मंच संचालन किया। रवि यादव और शिवशंकर (आरएसएस अधिकारी) ने समरसता विचार मंच की ओर से अतिथियों का सम्मान किया। ब्लॉक समिति चेयरमैन शीला देवी यादव ने सभी अतिथियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

## लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना? :*** बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी :*** निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर :*** बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ' फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों के लिए योग ब्रेक अत्यंत लाभप्रद

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में योग ब्रेक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में आयुष विभाग के योग सहायक पंकज वर्मा ने महाविद्यालय के कर्मचारियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया। डॉ. सुरेंद्रपाल नागर ने बताया कि केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के तनाव को दूर करने के लिए योग विराम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर योग के माध्यम से तनाव दूर करने के साथ-साथ स्वयं को स्वस्थ्य रखने के प्रति जागरूक करना है।

### विद्यार्थियों ने जानी ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली

**सिरसा।** डाइट डिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा ग्राम पंचायत के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेजाडेला खुर्द में युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि गांव के सरपंच अमरजीत ने शिरकत की। इस मौके पर ग्राम सरपंच अमरजीत ने बच्चों को पंचायत की वास्तविक स्थितियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में सीखने की भावना पैदा होती है। राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता हरीश सिंगला ने कहा कि आज के बच्चे भविष्य के नेता व निर्माणकर्ता हैं।

### आयोजना समिति के गठन के लिए चुनाव घोषित

**सिरसा।** जिला आयोजना समिति के गठन को लेकर जिला प्रशासन ने 12 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे चुनाव प्रक्रिया आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। सिरसा जिला के लिए कुल 25 सदस्यीय समिति का गठन किया जाना है, जिसमें से 5 सदस्यों को सरकार द्वारा नामित किया जाएगा, जबकि शेष 20 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। इन 20 सदस्यों में 15 सदस्य जिला परिषद से तथा 5 सदस्य नगर परिषद/ नगरपालिकाओं से चुने जाएंगे।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**सिरसा।** शहर थाना की कीर्ति नगर पुलिस चौकी ने एक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि ग्रेवाल बस्ती सिरसा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बलवंत राय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बीती 23 नंबवर की शाम को घर के बाहर बाइक खड़ा किया था। सुबह आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी दड़बा कलां जिला सिरसा को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया। उन्होंने बताया कि आरोपी नशा करने का आदी है इसलिए चोरी के वारदात करता है।

## गीता महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सेमिनार का भव्य आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का अनुसरण करना ही जीवन की सच्ची सार्थकता : अनुराग ढालिया

- सेमिनार के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

जिला स्तर पर पंचायत भवन में चल रहे तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वानों ने श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित जनसमूह को गीता के दिव्य ज्ञान से अभिभूत किया। सेमिनार के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने श्रीमद्भगवद गीता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की।

**मानवता का संदेश** :उन्होंने गीता को विश्व मानवता का मार्गदर्शन करने वाला अद्भुत ग्रंथ बताते हुए कहा कि गीता ज्ञान का अथाह भंडार है और श्रीकृष्ण द्वारा कहे गए प्रत्येक शब्द का अनुसरण करना ही जीवन की सच्ची सार्थकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को फल की इच्छा छोडक़र निष्काम कर्म करते रहना चाहिए। इस अवसर पर अधिकारियों तथा अतिथियों ने विभिन्न विभागों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्टॉल प्रतिनिधियों से उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। स्कूली विद्यार्थियों, महिला मंडलों और लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने गीता पर व्याख्यान देने वाले सभी विद्वानों को गीता की प्रतिमा भेंट कर, शॉल और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

### गीता ज्ञान एक अनुपम धरोहर : संत कुमार टुटेजा

एडवोकेट संत कुमार टुटेजा ने अपने विचार एक दोहे के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता आस्तिक-नास्तिक सभी के लिए समान रूप से प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गीता मानव जाति की अनमोल धरोहर है।

### भागवत गीता व्यावहारिक ग्रंथ : वीना खुराना

प्रख्यात विदुषी वीना खुराना ने कहा कि गीता अध्यात्म का सागर है और व्यवहारिक जीवन का मार्गदर्शक भी। उन्होंने बताया कि गीता किसी एक धर्म का नहीं बल्कि मानव जाति का ग्रंथ है। उसमें ज्ञान का सागर समाया हुआ है।

### गीता में ज्ञान, भक्ति और कर्मका समन्वय : सुमित्रा

शिक्षाविद सुमित्रा आर्य ने कहा कि गीता जीवन दर्शन का अतुल्य स्रोत है। भगवान कृष्ण ने ब्रह्मांड की रचना, धर्म, कर्म व व्यवहार के मूल सिद्धांतों को गीता में सहज रूप से समझाया है। उन्होंने ज्ञान की महिमा का वर्णन किया।

### गीता में हर समस्या का समाधान : सुदामा शास्त्री

विद्वान सुदामा शास्त्री ने कर्म, विकर्म और अकर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि गीता मनुष्य को कर्म करने के लिए प्रेरित करती है, फल की इच्छा का त्याग करना ही सच्चा कर्मयोग है। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन मन को स्थिर करता है।

### गीता, गंगा और गायत्री कलयुग के मुक्तिदाता : कसाना

सेमिनार को संबोधित करते हुए पूर्व जिला लोकसंपर्क अधिकारी आत्माराम कसाना ने कहा कि कलयुग में गीता, गंगा और गायत्री मंत्र मानव मुक्ति के सर्वोत्तम साधन हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता किसी एक धर्म, संप्रदाय का नहीं है।

### धर्म, नीति और कर्तव्य का सार : राजेश शास्त्री

सेमिनार में राजेश शास्त्री ने गीता को धर्म, नीति, साहस और कर्तव्य का पूर्ण समन्वय बताने वाला दिव्य ग्रंथ बताया। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की हर परिस्थिति में मार्गदर्शन देता है।

### नगर में शोभायात्रा आज

**फतेहाबाद।** पंचायत भवन परिसर में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन 1 दिसंबर को सुबहकालीन सत्र में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे जबकि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। साथ ही वे नगर शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी प्रकार से दोपहर बाद के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि होंगे। गीता महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा को पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल पंचायत भवन से झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। शोभा यात्रा का विभिन्न जगहों पर सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा पंचायत भवन परिसर से शुरू होगी। इसके उपरांत यह यात्रा जाट धर्मशाला से होते हुए दुर्गा मंदिर, जीटी रोड, लाल बत्ती चौक, अग्रेसन चौक/फव्वारा चौक, थाना रोड, जवाहर चौक, रविदास चौक, खेमा खाती रोड, डीएसपी रोड से होते हुए वापिस पंचायत भवन पहुंचेगी।

# स्वरोजगार के प्रति किया जागरूक

- जीवम फाउंडेशन ने ख्योंवाल में महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां



**ओढां।** जीवम फाउंडेशन ख्योंवाली में आयोजित सेमिनार में प्रतिभागी महिलाएं।

जीवम फाउंडेशन द्वारा ख्योंवाली में तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार के दौरान ग्रामीण महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, स्व-रोजगार एवं उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। कार्यक्रम में जीवम फाउंडेशन के स्टाफ सदस्यों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।कार्यक्रम का संचालन उर्मिला द्वारा किया गया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट समन्वय और समर्पण से पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समापन समारोह में प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाणपत्र एवं प्रशस्ति पत्र अधिकारी गण एवं जीवम फाउंडेशन की संचालिका किरण गोदारा द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर किरण गोदारा ने कहा कि वह जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर गांव की महिलाओं के लिए लघु उद्योग शुरू करने का प्रयास करेंगी, जिससे नारी सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा मिल सके। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रतिभागी महिलाएं अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं और उन्होंने अधिकारियों तथा जीवम फाउंडेशन की संचालिका का धन्यवाद किया।

# डॉ. साहिब सिंह को मिला छत्रपति सम्मान

- साहित्यिक संस्था संवाद का सम्मान समरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा




**सिरसा।** पंजाबी लोक-रंगकर्मी डॉ. साहिब सिंह को

पत्रकार छत्रपति की स्मृति में सिरसा के पंचायत भवन में रविवार को साहित्यिक संस्था संवाद की ओर से छात्रपति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात पंजाबी लोक-रंगकर्मी डॉ. साहिब सिंह को छत्रपति सम्मान-2025 से नवाजा गया। इस मौके पर डॉ. साहिब सिंह ने कहा कि पत्रकार छत्रपति के नाम पर मिले सम्मान से वे भावविभोर ही नहीं बल्कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति और प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में छत्रपति सम्मान की प्राप्ति व्यक्ति में जिंदा होने का एहसास उत्पन्न करती है। डॉ. साहिब सिंह ने कहा कि वे लोगों में जाकर उनकी भाषा में नाटक करते हैं। यह सम्मान मिलने से उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा वे ताउम्र लोगों के लिए नाटक करते रहेंगे।

मुख्य वक्ता के तौर पर नायकों की तलाश में भटकता वर्तमान विषय पर डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में नायक को पैदा करने के लिए समाज में बहुत बड़े संकट का नैरेटिव बनाया जाता है फिर समाज लगता है कि संकट सचमुच बहुत बड़ा है। उसके संकट को दूर करने के नाम पर किसी व्यक्ति को हीरो को पेश करके नायक बना दिया जाता है। फिर नायक को प्रचार द्वारा बहुत बड़ा बना दिया जाता है ताकि लोगों को लगे कि नायक का कोई विकल्प नहीं है। नायक पूजा के चलते जनता फिर नागरिक नहीं रह जाती बल्कि फॉलोअर या फैन बन जाती है तथा ऐसे समय में असहमति की आवाजों को पूरी तरह दबा दिया जाता है तथा जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं।

### विचारों को आगे बढ़ा रहे : अंशुल

रामचंद्र छत्रपति के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं घटित इस पूरे प्रकरण से अवगत करवाते हुए अंशुल छत्रपति ने कहा कि छत्रपति आज भी जिंदा है तथा उनके विचार को आगे बढ़ाने के लिए ही यह कार्यक्रम किए जाते हैं तथा इन विचारों को समाज में लेकर जाने की जरूरत है।

# किसानों से वादाखिलाफी कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** गांवों का दौरा कर किसानों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का न्यौता।

भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के साथ बार-बार वायदाखिलाफी कर रही है, जिससे किसान परेशान हैं। किसान नेता लखविंद्र सिंह ने रविवार को सिरसा जिले के कई गांवों का दौरा किया और आगामी दो दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

किसान नेता ने कहा कि खरीफ -2024 में सिरसा जिले के 25 गांवों का बकाया बीमा क्लेम, खरीफ -2020 का बकाया मुआवजा, खरीफ -2023 का बीमा प्रीमियम वापसी का समाधान, नहरी पानी, मंडियों में किसानों की लूट व किसानों की अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान एकता द्वारा दो दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय सिरसा में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों, जिनमें पिछले दिनों भारी बरसात, जल भराव, हिसार घग्गर ड्रेन से हुई तबाही के का मुआवजा व बीमा क्लेम जारी किया जाए, मंडियों में किसानों के साथ हो रही लूट को बंद किया जाए, कालांवाली की फग्गू अनाज मंडी में किसानों के साथ धान खरीद में हुई धोखाधड़ी की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल में गलत तरीके से पंजीकरण करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया जाए। इसके अलावा बाजरे की भावांतर योजना के तहत किसानों के साथ खरीद में हुई लूट जांच की जाए, सीसीआई द्वारा नरमे की खरीद में अनावश्यक पोर्टल हटाकर सीधी खरीद चालू की जाए। इसके अलावा नहरी पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए, बार-बार सफाई के नाम पर बंदी नहीं होनी चाहिए, किसानों के ट्रैक्टर पर बढ़ी हुई रजिस्ट्रेशन फीस वापस ली जाए। कृषि मंत्रीव हरियाणा सरकार बार-बार बयान दे रहे हैं कि यूरिया व डीएपी के साथ टैगिंग नहीं होगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीकेई से सरबजीत कंबोज, हरियाणा किसान एकता से खुशदीप सिंह हैबुआना, गुरमेल सिंह, सुरजीत सिंह, राजविंदर सिंह, राजवंत सिंह, गुरनाम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल कुमार, सोहन सिंह, राम सिंह, काका सिंह, ओंकार सिंह, हरबंस सिंह, गुरमीत सिंह, राजवीर सिंह, राम रखा सिंह, बलविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# दौड़, लंबी कूद और बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना।

### सनशाइन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

विद्यालय की प्राचार्य कविता नैन ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देता रहेगा।

सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। खेल महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन के गुणों को विकसित करना रहा।

दो दिनों तक विद्यालय प्रांगण में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने जोश और जुनून के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान हाउस-वाइस और क्लास-वाइस गेम्स का विशेष आयोजन किया गया। इस खेलकूद महोत्सव में दौड़, लंबी कूद, थ्रो बॉल, बैडमिंटन सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं में खिलाडि़यों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल मैदान पर बच्चों की तैयारी और जीत का जज्बा देखने लायक रहा। दर्शकों में भी उत्साह चरम पर रहा और अभिभावकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से खिलाडि़यों का मनोबल बढ़ाया।

दो दिनों तक चली रोमांचक स्पर्धाओं में येलो हाउस ने सर्वोच्च अंक लेकर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि अन्य हाउसों ने भी दमदार प्रदर्शन कर खेल संस्कृति को नई दिशा दी। विजेता टीम के खिलाडि़यों का उत्साह देखते ही बनता था। समापन समारोह में स्कूल प्रबंधन द्वारा विजेता खिलाडि़यों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेश नेहरा, प्रेम सिंह नैन और रामलाल खेदड़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

# स्वस्थ तन, सुंदर मन, जागृत आत्मा ही योग की उत्तम परिभाषा: स्वामी विज्ञानानंद

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में योग साधना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** सत्संग के दौरान योग साधना करते हुए श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य प्रकल्प के सबके सुस्वास्थ्य की मंगल कामना के उद्देश्य से साहुवाला स्थित अपने स्थानीय आश्रम में दो दिवसीय विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर आयोजित किया गया। प्रथम दिवस संस्थान की ओर से योगाचार्य स्वामी विज्ञानानंद ने बताया कि बढ़ते हुए शहरीकरण, प्रदूषण, अनियमित आहार विहार और औद्योगिकीकरण से जहां वृक्ष कटाव से प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हुई है, वहीं प्रदूषित वायु में सांस लेना भी दूभर हो चुका है, जिससे हृदय से संबंधित रोगों के साथ साथ मधुमेह, टीबी, कैंसर, डेंगू, चिकनगुनिया व विविध विषम ज्वरों में अभिवृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विज्ञान का सहारा लेकर आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने जहां चरमोत्कर्ष को प्राप्त किया है, वहीं अभी बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं, जिनका समाधान आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में तो नहीं, परंतु भारतीय वैदिक योग दर्शन में है। योग एक प्राचीन भारतीय योग पद्धति है, जो शरीर मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाने पर केंद्रित है। यह योग पद्धति विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से स्वस्थ बनाता है।

**जागरूकता** अनाज मंडी में श्रमिकों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया

# नशा मुक्ति टीम ने डांगरा व टोहाना में चलाया अभियान, 20 ड्रग पीड़ितों की करवाई काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**टोहाना।** अनाज मण्डी में मजदूरों को जागरूक करती टीम।

ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा नशामुक्ति को लेकर लगातार जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने आज गांव डांगरा व टोहाना क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। एसआई सुंदर ने बताया कि टीम ने सबसे पहले गांव डांगरा में गली-चौराहों पर मिले लोगों से संवाद स्थापित किया। लोगों को यह भी समझाया गया कि नशा व्यक्ति के परिवार, रोजगार और स्वास्थ्य सभी को बुरी तरह प्रभावित करता है, इसलिए समाज को मिलकर इसके विरुद्ध खड़ा होना आवश्यक है। इसके बाद नशामुक्ति टीम ने टोहाना में जागरूकता अभियान चलाया। अनाज मंडी में मजदूरों के बीच छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई, जिनमें नशे के बचाव, उपचार विकल्पों और जीवन में सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया गया। टीम ने श्रमिकों से उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। अभियानों के दौरान लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए सही जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान टीम ने मंडी क्षेत्र से 9 नए ड्रग पीड़ितों की पहचान की, जिन्हें मौके पर ही काउंसलिंग प्रदान की गई। साथ ही 11 पूर्व चिन्हित पीड़ितों का फीडबैक लेकर उनकी काउंसलिंग की गई तथा उपचार प्रक्रिया के तहत सभी को आयुर्वेदिक औषधि दी गई, ताकि वे नशे से बाहर आने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ सकें। अंत में टीम सदस्यों ने कहा कि नशा मुक्ति के इन प्रयासों का उद्देश्य पीड़ितों को नशे की चपेट से सुरक्षित बाहर निकालना और उन्हें एक स्वस्थ, सम्मानजनक व नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।

### प्रेरित किया

ग्रामीणों, युवाओं तथा राहगीरों को नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशा छोडने और दूसरों को रोकने हेतु प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप



आदमपुर। कुलदीप बिश्नोई का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

### पद ग्रहण समारोह में पहुंचे कुलदीप विश्नोई

**आदमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष से ज्यादा समय हो गया है। उनके कार्यकाल में विकास, पारदर्शिता और सुशासन से हर वर्ग संतुष्ट है। बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग का समुचित और चहुंमुखी विकास हो रहा है, वहीं हर वर्ग के उत्थान की दिशा में सरकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।



हिसार। अजय चौटाला का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### जातपात व धर्म के नाम पर उलझा रही भाजपा सरकार

**हिसार।** जुलाना में 7 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस पर होने वाले स्थापना दिवस समारोह का निमंत्रण देने के लिए वरिष्ठ नेता डॉ. अजय सिंह चौटाला ने नलवा व आदमपुर के कई कार्यक्रमों में शिरकत की। कार्यकताओं व आमजन से मिलने पहुंचे अजय सिंह चौटाला ने अपने संबोधन में कहा कि आए दिन भाजपा सरकार झूठी घोषणाएं कर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही हैं।



बरवाला। बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट लोगों के स्वास्थ्य की जांच और रक्त प्रशिक्षण करते हुए।

### भागीरथ पार्क में लगाया स्वास्थ्य जांच कैंप

**बरवाला।** समाजसेवी संस्था बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में अपनी एक लाख से अधिक ओपीडी सेवाएं पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच एंव रक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्ड नं. 10–11, राधाकृष्ण मंदिर के समीप भागीरथ पार्क में आयोजित किया गया।
शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. संदीप वर्मा और जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकता तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मनदीप सिंह द्वारा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पीटी तथा थायरॉयड सहित पांच आवश्यक रक्त परीक्षण किए गए।

### माजरा प्याऊ के पास बाइक को मारी टक्कर

**नारनौंद।** गांव ढाणी कुम्हारान निवासी 47 वर्षीय जयसिंह अपने ही गांव के रहने वाले ओमप्रकाश के साथ 24 नवंबर शाम माजरा प्याऊ के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। तेज रफ्तार से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार कर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवारों को सड़क किनारे काम कर रहे लोगों ने संभाला और तुरंत एम्बुलेंस को फोन किया। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नारनौंद के नागरिक अस्पताल ले जाया गया।

### कागसर में बंद कमरे से लाखों की चोरी

**नारनौंद।** उपमंडल के गांव कागसर में देर रात लाखों रुपए की चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के महिलाओं वाले कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी और साथ वाले कमरे की अलमारी तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित नूरदीन ने बताया कि वह चिनाई का काम करता है। गत 27 नवंबर की रात रोज की तरह पूरा परिवार खाना खाकर लगभग 11 बजे सो गया था।

# सरसौद में बालिका सरपंच व पंच उम्मीदवारों की ट्रेनिंग को लेकर कार्यक्रम

■ देश की पहली संवैधानिक बालिका पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव सरसौद में एक ऐतिहासिक क्षण की शुरुआत हो चुकी है। यहां देश की तीन दिसम्बर को पहली संवैधानिक बालिका पंचायत गठित होने जा रही है, जो बालिकाओं को नेतृत्व की बागडोर सौंपने का अनुपम उदाहरण बनेगी। इसकी तैयारी में रविवार को गांव में बालिका सरपंच और पंच उम्मीदवारों की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप भ्याण ने इस ट्रेनिंग को संचालित किया, जो लंबे समय से पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े हैं और सरपंच गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेंटर के प्रमुख सदस्य हैं।

ट्रेनिंग में करीब 40 नामांकित बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रदीप भ्याण ने उम्मीदवारों को



हिसार। उम्मीदवारों की ट्रेनिंग को संबोधित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

चुनाव चिह्न और घोषणापत्र तैयार करने की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने बताया कि जनता से कैसे जुड़ना है, उनकी विजन को कैसे समझाना है, ताकि वे उत्साह से वोट दें। यह ऐतिहासिक पल है। सरसौद देश का पहला गांव बनेगा, जहां पूरी बालिका कैबिनेट तैयार होगी। हमें स्वार्थ त्यागकर सबसे सक्षम उम्मीदवार को आगे बढ़ाना होगा, ताकि गांव की पंचायत के साथ मिलकर विकास की नई ऊंचाइयां छुई जा सकें। उन्होंने कहा कि सत्र में बैलेट पेपर का प्रयोग, वोट पर्ची बनाना और समाज में सामंजस्य स्थापित करने के लिए अपील के प्रभावी तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। उम्मीदवारों ने 2 घंटे 30 मिनट तक अपने घोषणापत्र तैयार किए और उन पर समूहिक मंथन किया। बालिकाओं के चेहरों पर जोश और आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी।

सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर सुनील जागलान ने ट्रेनिंग की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदीप भ्याण का सेशन अत्यंत उपयोगी रहा। इससे बालिकाओं को नेतृत्व क्षमता और पंचायती राज की गहन समझ मिली। बालिका कैबिनेट गठन के बाद एक और सेशन होगा, जिसमें कार्यवाही लिखने, ग्रामीण से लेकर राज्य-केंद्र सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने के तरीके सिखाए जाएंगे।

#### लोग इस पहल को लेकर उत्साहित

सरसौद के लोग इस पहल के लिए उत्साहित हैं। गांव की लड़कियां स्वयं को भविष्य की सरपंच-पंच मानकर सपने बुन रही हैं। यह न केवल लिंग समानता को मजबूत करेगा, बल्कि ग्रामीण भारत में बालिकाओं के सशक्तिकरण की नई मिसाल कायम करेगा। चुनाव की तारीख नजदीक आते ही सरसौद पूरे देश की नजरों में होगा। इस अवसर पर गांव की सरपंच सुनीता भ्याण व बालिका निर्वाचन अधिकारी रितिका भी उपस्थित रही।

### दीवार को कलात्मक पेंटिंग्स से सजाया

**हिसार।** शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से 'हमारा प्यार–हिसार' टीम की ओर से रविवार को पीएलए परिसर स्थित दीवार पर एक विशेष पेंटिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत टीम के सदस्यों ने दीवार को नई कलात्मक पेंटिंग्स से सजीव करते हुए उसे आकर्षक और रंगीन रूप प्रदान किया। पूर्व में इस दीवार पर पक्षियों, तितलियों, मछलियों और फूलों की सुंदर आकृतियां उकेरी गई थीं, जो समय और मौसम के प्रभाव से फीकी पड़ने लगी थीं। इसकी खूबसूरती को पुनः निखारने के उद्देश्य से टीम ने आज पेंटिंग, रंग–रोगन और सजावटी चित्रों पर कार्य किया। नए रंगों और रचनात्मक डिज़ाइन ने सजाया गया।

## गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का करें अनुसरण: कुलदीप

# हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानवता की भलाई व जातपात से ऊपर उठकर बिना भेदभाव के हमें हर जरूरतमंदों, असहायों, लाचारों की हर संभव सहायता करनी चाहिए, जिस प्रकार जगत गुरु प्रथम पातशाही धन-धन गुरु नानक देव जी महाराज करते थे। हमें भी गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए।

यह बात रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह ने पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा में प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा मनाए गए धन धन श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश गुरुपर्व पर उपस्थित गुरू घर से जुड़ी साध संगतों के बीच कही। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव जी महाराज को हर धर्म के अनुयायी पूरी श्रद्धा से नमन करते हैं और हर वर्ष हम उनके प्रकाशोत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। अनेक



हिसार। रागी जत्था साध–संगतों को निहाल करते हुए। फोटो : हरिभूमि

धर्म के कार्य करके नगर कीर्तनों का आयोजन करते हैं। ऐसे महान गुरु महाराज जी के बताए मार्ग पर चलते हुए हमें भलाई के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमिंद्र सिंह सूबेदार व सचिव भूपेंद्र पाहवा ने गुरु नानक देव जी के दिए उपदेशों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने गुरुघर का आशीर्वाद लिया। शब्द कीर्तन से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में रखे श्री अखंड पाठ साहिब का विधिवत रूप से भोग डाला व गुरूघर के ग्रंथी स्वर्ण सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अदरास की। इसके अलावा गुरुघर से जुड़ी बीबियों ने शब्द कीर्तन का गान किया। रागी जत्थों ने संगतों को श्री गुरू ग्रन्थ साहिब में वर्णित गुरूबाणी से निहाल किया। कमेटी के सदस्यों ने आए मेहमानों, रागियों को गुरुघर का सिरोपा भेंट किया। गुरुघर से जुडी बीबियों, बच्चों, कार्यकारिणी सदस्यों, सेवादारों, समाजसेवियों व नगर के अन्य गुरुघरों से आए सेवादारों को सिरोपा, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सरबत की भलाई के लिए अरदास की गई व आई संगतो के बीच गुरू का लंगर अटूट बरताया गया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में स. हरमिंद्र सिंह सूबेदार, भूपेंद्र पाहवा, अजय पाहवा, मक्खन सिंह, स्वर्ण सिंह सौरभ गिरधर, चन्द्रभान गांधी, कुलदीप सिंह गावड़ी, हरीश गांधी, डॉ. लखपाल, राजेश गांधी, डॉ. देवेन्द्र नानकी, गुरमीत सिंह नीटू, रंजीत सिंह, हर्षित पाहवा, राहुल ठाकुर, अमरिंद्र सिंह, जगजीत कौर, कर्मजीत कौर, इंदु गिरधर, सुरेंद्र कौर, सुरेश पाहवा, सुरजीत कौर, अमरजीत कौर, आशा पाहवा, सरला भाटला, स्वाति पाहवा, राज कौर, जनक रानी, अमरजीत कौर, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



हिसार। सीनियर टेनिस प्लेयर योगेश कोहली ट्रॉफी के साथ विजयी मुद्रा में।

### योगेश कोहली ने जीती एक और इंटरनेशनल टेनिस फैडरेशन ट्रॉफी

**हिसार।** द टेनिस प्रोजेक्ट द्वारा वर्ल्ड टेनिस टूर आईटीएफ एमटी 400 सीनियर टेनिस प्रतियोगिता का 22 से 29 नवंबर तक गुरुग्राम में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने एक बार फिर से अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी जीती है। वर्ष 2025 की यह उनकी 11वीं इंटरनेशनल टेनिस फैडरेशन ट्रॉफी है।
योगेश कोहली ने कहा कि वे निरंतर अपने खेल को तराश रहे हैं और वर्ल्ड रैंकिंग में सुधार के साथ-साथ उनका लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर देश का नाम रोशन करने का है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से वे देश का सिर ऊंचा कर सके तो उनके लिए यह बड़े गर्व की बात होगी। योगेश कोहली देश के सीनियर टेनिस खिलाड़ी हैं और पूरी दुनिया के सीनियर टेनिस खिलाड़ियों में उनकी बेस्ट रैंकिंग 67 है। टेनिस के करियर में ये प्रतियोगिताएं तो एक पड़ाव हैं अभी काफी लंबा सफर तय करना है। उल्लेखनीय है कि ये प्रतियोगिताएं दुनिया भर के सीनियर टेनिस खिलाड़ियों की रैंकिंग के लिए होती है जिसमें खिलाड़ियों के खेल के प्रदर्शन को देखते हुए उनकी वर्ल्ड रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

## न्यूज डायरी

### किसानों को दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण



आदमपुर। बालावास गांव में किसानों को सम्मानित करते कृषि वैज्ञानिक व अधिकारी।

**आदमपुर।** हरियाणा राज्य सरकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड पंचकूला व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर द्वारा गांव बालावास में किसानों के लिए बीज सहकारी समिति, बायोफोर्टिफाइड बीज व जैविक खेती पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में केवीके प्रभारी डा. नरेंद्र कुमार ने प्राकृतिक खेती, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट तथा सरसों में तना गलन व मार्गोजा प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। हरकोफेड के सहायक फील्ड अधिकारी ऋषिपाल ने सहकारी समितियों के उद्देश्य बताते हुए किसानों को खाद, बीज व दवाओं की योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया। डा. सतपाल ने रबी चारा फसलें-बरसीम, जई आदि की उन्नत किस्मों, बुवाई समय व सिंचाई-खाद प्रबंधन पर सुझाव दिए।

### भागवत कथा देती तन-मन को शांति




हिसार। अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते बजरंग दास गर्ग।

**हिसार।** अग्रोहा धाम में श्री मद् भागवत कथा में भारी संख्या में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। सोमवार को की कथा में भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव होगा। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा मन को शुद्ध, मोक्ष प्राप्त करने और जीवन में शान्ति लाने की शिक्षा देती है। भागवत व्यक्ति को सांसरिक दुःखों से मुक्त होने का मार्ग दिखाती है। श्री मद् भागवत कथा एक आध्यात्मिक प्रवचन है। जो जीवन के मूलभूत सिद्धांतों और भक्ति पर केंद्रित है। भागवत ईश्वर की भक्ति और ज्ञान के माध्यम से संसार से मुक्ति का मार्ग दिखाती है।

### मैकेनिकल के छात्रों दिया प्रशिक्षण

**आदमपुर।** आदमपुर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के मैकेनिकल विभाग पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रविवार को एनआरएफएम ट्रेनिंग और टेस्टिंग इंस्टिट्यूट हिसार का भ्रमण किया। वहां के वरिष्ठ कृषि अभियंता जेपी मंडल और उनकी टीम ने विधार्थियों को ट्रैक्टर की असेंबली लाइन, इंजन की कार्यप्रणाली, हाइड्रोलिक सिस्टम, ट्रांसमिशन सिस्टम एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने मशीनों के वास्तविक संचालन का प्रदर्शन कर छात्रों के सभी तकनीकी प्रश्नों के उत्तर दिए। संस्थान के प्राचार्य डा. बिजेंद्र सिंह और टीपीओ नरेश कुमार ने बताया की ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ते हैं तथा उनके तकनीकी कौशल, व्यावहारिक ज्ञान और भविष्य की रोजगार संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### किराएदार व नौकरों करवाएं वेरिफिकेशनः एसपी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने के नाते किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए किराएदार, नौकर व बाहर से आने वाले मजदूरों की वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, दुकानों, होटल तथा ढाबा आदि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड ना तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और ना ही पुलिस के पास होता है।



हिसार। सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज। फोटो : हरिभूमि

### खुद को सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें : प्रो. बीआर कम्बोज

■ हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान 32 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।
कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. कम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं।

## सेक्टर 33 में भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी को कार्यक्रम मन की बात को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियोंव कार्यकर्ताओं ने हिसार सिटी मंडल के बूथ नंबर 12 पर सेक्टर 33 में प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुना। बूथ अध्यक्ष धर्मवीर पानू की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनकर कार्यकर्ताओं में उमंग और जोश



हिसार। प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

का संचार हुआ। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा ने बताया प्रधानमंत्री के मन की बात में सर्दियों में पर्यटन को बढ़ावा देने, हर घर स्वदेशी, गीता जयंती, जी-20 सम्मेलन की सफलता के बारे में, उदयपुर की बेहतरीन शिल्प कला एवं हस्तकला, महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता व अन्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### गीता भवन में भंडारे के साथ गीता जयंती महोत्सव शुरू



**हिसार।** आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में विशाल भंडारे के साथ 76वां गीता जयंती महोत्सव शुरु हो गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महोत्सव के पहले दिन भंडारा चलाया गया। असंख्य लोगों ने महोत्सव में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के सभा की नवनिर्वाचित प्रधान ऊषा बक्शी, उपप्रधान कृष्ण कुमार, सचिव कृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर के अलावा अन्य सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रधान ऊषा बक्शी ने बताया कि 7 दिसम्बर तक चलने वाले महोत्सव की कड़ी में 1 व 2 दिसम्बर को सायं 4 से 7 बजे तक प्रवचन व भजन कीर्तन होगा, 3 दिसम्बर को प्रातः 7:30 बजे गीता महायज्ञ किया जाएगा तथा सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक प्रवचन व भजन होंगे। इसके अलावा 4 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी, 5 दिसम्बर को सायं 4 बजे से 7 बजे तक प्रवचन व भजन-कीर्तन होगा तथा 6 व 7 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक व सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक प्रवचन व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा।

**सम्मान** लुवास की डॉ. रचना अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन में 'युवा वैज्ञानिक पुरस्कार' से सम्मानित

# डेयरी विस्तार और महिला सशक्तिकरण को दी मजबूती

■ यह महाधिवेशन हाल ही में शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एसओए), भुवनेश्वर में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डेयरी व्यवसाय प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रचना को विस्तार शिक्षा सोसाइटी द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय विस्तार शिक्षा महाधिवेशन में 'युवा वैज्ञानिक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह महाधिवेशन हाल ही में शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एसओए), भुवनेश्वर में हुआ।

विस्तार शिक्षा सोसायटी की कार्यकारिणी समिति की ओर से प्रदान किया गया यह प्रतिष्ठित सम्मान, डॉ. रचना के शैक्षणिक योगदान,



हिसार। कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा से मिलते डॉ. रचना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अनुसंधान उपलब्धियों और विस्तार सेवाओं में उनके समर्पित प्रयासों की उच्च स्तरीय मान्यता है। डेयरी विस्तार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक–पर्यावरणीय सततता को अभिनव तरीके से जोड़ने वाले उनके कार्य अत्यंत सराहनीय रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की डेयरी व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं की क्षमता-वृद्धि और डेयरी प्रणालियों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने पर केंद्रित उनके शोध और कार्यों को मौलिकता, व्यावहारिक प्रभाव और उत्कृष्ट शोध–गुणवत्ता के कारण व्यापक प्रशंसा मिली है। अपने अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा जनसंपर्क प्रयासों के माध्यम से डॉ. रचना ने यह साबित किया है कि नवाचार और प्रयोग ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन लाकर हरियाणा की डेयरी महिलाओं को आजीविका सुधारने और सामाजिक–पर्यावरणीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम बनाते हैं।

#### विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात

इस उपलब्धि पर लुवास कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसबी पाटिल ने डॉ. रचना को हार्दिक बधाई दी। कुलपति डॉ. वर्मा ने कहा कि यह सम्मान न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत, नवोन्मेषी सोच और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लुवास के वैज्ञानिक आगे भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे। सह–जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सतीश जांगड़ा ने बताया कि डॉ. रचना का यह सम्मान लुवास की अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की सशक्त दिशा और प्रभावशीलता को दर्शाता है तथा युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

स्थापित - 1936 सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग

सोरायसिस सफेद दाग बालों का झड़ना मुंहासे
एग्जीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।

डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939